an>

Title: Need to ensure construction of railway over bridges in Khalilabad in Sant Kabir Nagar District and Gauri Bazar in Deoria districts of Uttar Pradesh as per specified norms and standards.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर)ः खलीलाबाद में मुखलिसपुर क्रॉसिंग और देवरिया जनपद में गौरी बाजार में रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण रेलवे और उत्तर प्रदेश सरकार के साझा निवेश से उत्तर प्रदेश सेतु निगम द्वारा अभी लगभग 1 वर्ष पूर्व किया गया है जिसमें सुपर स्ट्रक्चर में कम्पोजिट स्टील गर्डर लगाया गया है व सारे गर्डर लगाने के समय से ही बीच से बैन्ड हो गये हैं जिससे उस आर.ओ. की गुणवत्ता एवं भार समवहन क्षमता और आयु पर असर पड़ेगा। यह दोनों पुल गोरखपुर के मुख्य परियोजना प्रबंधक के अधीन आते हैं। अतः उसमें आबंटित धन के उपयोग के और अनियमितताओं की जांच करवायी जाये जिससे अभी हाल ही में महाराष्ट्र में सावित्री नदी पर बने पुल के टूटने से जैसी दुर्यटना को दुहराये जाने से रोका जा सके।